प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में अनियमितताओं के आरोपों पर सात सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। कोलकाता से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पत्र लिखकर इन सात अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। एक रिपोर्ट –

****

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक विशेष पवेलियन बनाया है। यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमताओं, बढ़ते स्टार्टअप्स और जिम्मेदार एआई अपनाने के लिए नीति–आधारित दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस पवेलियन में वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर भी है। इसे मीडिया और संवाद मंच के रूप में डिजाइन किया गया है।

****

झारखंड शिक्षा परियोजना ने सत्र 2026–2027 के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा छह से ग्यारहवीं तक नामांकन के लिए सीटों की घोषणा कर दी है। शिक्षा परियोजना ने स्कूलों को व्यापक स्तर पर नामांकन के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। नामांकन लेने के लिए ई–विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा 10 मार्च को होगी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति राजेश कुमार के साथ नोकझोंक मामले में अधिवक्ता की ओर से बिना शर्त माफी के बाद महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी के खिलाफ जारी आपराधिक अवमानना की कार्यवाही समाप्त कर दी है।

****

रांची मंडल को रेलवे सप्ताह पुरस्कार 2025 के तहत इस वर्ष 'सिक्योरिटी शील्ड' प्रदान की जा रही है। यह प्रतिष्ठित सम्मान मंडल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सतर्कता बढ़ाने, अपराध नियंत्रण तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जा रहा है।

****

झारखंड के धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित स्टील गेट सब्जी मंडी में देर रात भीषण आग लगने से 12 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना पर चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी की और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

****

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बाबू पारा गांव में शिक्षक रामविलास दास के पिता वकील राम और माता झुनिया देवी की अज्ञात अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गई। .मौके पर डीएसपी और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

पाकुड़ जिले में नगर निकाय चुनाव में वार्ड पार्षद और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के व्यय पंजी की द्वितीय चरण की जांच व्यय कोषांग में अधिकारियों द्वारा किया गया।

****

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग में जमशेदपुर एफसी ने मोहम्मडन एससी को एक–शून्य से हरा दिया। अब जमशेदपुर एफसी 21 फरवरी को पंजाब एफसी से भिड़ेगी।

********समाप्त********